अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**22 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ


**USEFUL FOR**

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **देश इतिहास रचने को तैयार, 23 को शाम 6:04 बजे चंद्रयान-3 की लैंडिंग**




- चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने के लिए विक्रम लैंडर पूरी तरह तैयार है।
- चंद्रयान के चंद्रमा की सतह पर लैंड होने में अब कुछ समय बाकी है।
- चंद्रयान 3 का लैंडर (Vikram Lander) 23 अगस्त, 2023 को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा।
- अब लैंडर की चांद से दूरी केवल 25 किमी की रह गई है।

2. **गुजरात में वर्ष 2024 में फिल्मफेयर पुरस्कारों के 69वें संस्करण का आयोजन किया जायेगा**



- वर्ष 2024 में फिल्मफेयर पुरस्कारों के 69वें संस्करण का आयोजन गुजरात में किया जायेगा,जिसकों लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी है.
- यह पहला मौका है जब गुजरात में फिल्मफेयर पुरस्कारों का आयोजन किया जायेगा. इसके आयोजन से राज्य में फिल्म गंतव्य और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा.
- फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार एक वार्षिक पुरस्कार समारोह है, इसका आयोजन पहली बार 1954 में किया गया था.

3. **मूडीज ने भारत की रेटिंग BAA3 को बरकरार रखी**




- रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की BAA3 रेटिंग की पुष्टि की है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर 'स्थिर' दृष्टिकोण बनाए रखा है।
- मूडीज ने भारत की रेटिंग BAA3 को बरकरार रखी है।
- रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की BAA3 रेटिंग की पुष्टि की है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर 'स्थिर' दृष्टिकोण बनाए रखा है।
- मूडीज 18 अगस्त को एक बयान में कहा, भारत की दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारी रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग Baa3 पर बनी हुई हैं, जबकि अन्य अल्पकालिक स्थानीय मुद्रा रेटिंग P-3 पर हैं।

4. **20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया**



- हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है।
- यह 1897 में सर रोनाल्ड रॉस द्वारा की गई खोज की याद में मनाया जाता है।
- 1897 में, सर रोनाल्ड रॉस ने पता लगाया कि मलेरिया परजीवी एनोफिलीज मच्छरों द्वारा मनुष्यों में फैलता है।
- विश्व मच्छर दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन द्वारा किया जाता है।

5. **जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई**




- कुल 50 करोड़ खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।
- इन खातों में कुल जमा 2.03 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।
- इन खातों से लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड निःशुल्क जारी किए गए हैं।
- प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में औसत शेष राशि 4,076 रुपये है।

**6. मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया**




- भारतीय सर्फ टीम ने मालदीव के थुलिसधू द्वीप में आयोजित एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता.
- इस चैंपियनशिप में एशिया के 18 देशों ने हिस्सा लिया था.
- भारतीय टीम के पुरुष वर्ग में 4 वरिष्ठ सर्फर और अंडर 18 वर्ग में 2 सर्फर शामिल थे.
- इनमें 6 में से 5 सर्फर तमिलनाडु से थे.
- भारतीय सर्फिंग महासंघ भारत में सर्फिंग के खेल के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय शासी निकाय है.

**7. सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के संयुक्त विकास के लिए भारत ने जापान के साथ समझौता किया**



- सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के संयुक्त विकास और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बनाए रखने के लिए भारत में जापान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये है.
- जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरा क्वाड भागीदार बन गया है.
- लगभग 100 सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्रों के साथ, जापान सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम वाले टॉप पांच देशों में शामिल है.

**8. कोयला मंत्रालय ने जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीद के लिए "बेस्ट एंगेजमेंट" का अवार्ड जीता**




- कोयला मंत्रालय ने जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीद के लिए "बेस्ट एंगेजमेंट" (Best Engagement) का अवार्ड जीता है. कोयला मंत्रालय ने ई-खरीद इकोसिस्टम में सफलतापूर्वक नए मानक स्थापित किए हैं.
- कोल इंडिया लिमिटेड को "राइजिंग स्टार" से सम्मानित किया गया है और एनएलसी इंडिया लिमिटेड को "समय पर भुगतान" (TimelyPayments) कैटेगरी में सम्मानित किया गया है.

**9. अनुभवी कलाकारों को वित्तीय सहायता के प्रावधान की सुविधा के लिए संस्कृति मंत्रालय और केनरा बैंक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**



- अनुभवी कलाकारों को वित्तीय सहायता के प्रावधान की सुविधा के लिए संस्कृति मंत्रालय और केनरा बैंक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है.
- एमओयू के अनुसार, लाभार्थियों के डेटा को केनरा बैंक द्वारा विकसित किए जाने वाले ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा.
- केनरा बैंक एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है इसका मुख्यालय बैंगलोर में है.

**10. विराट कोहली 500 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दुनिया के 10वें क्रिकेटर बन गए**




- पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 500 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दुनिया के 10वें क्रिकेटर बन गए है.
- सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है.
- सर्वाधिक मैच खेलने के मामलें में दूसरे स्थान पर महेला जयवर्धने (652) है. विश्व क्रिकेट में 500 से अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में 8 खिलाड़ी एशिया से है.
- वहीं विराट 500 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले भारत के चौथे क्रिकेटर बन गए है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **देश का इतिहास रचने को तैयार चंद्रयान-3 को लैंड कराने की कोशिश की किस दिन की जाएगी?**
   (a) 23 अगस्त, शाम 6:04 बजे
   (b) 24 अगस्त, शाम 6:04 बजे
   (c) 23 अगस्त, शाम 7:04 बजे
   (d) 24 अगस्त, शाम 7:04 बजे
2. **वर्ष 2024 में फिल्मफेयर पुरस्कारों के 69वें संस्करण का आयोजन किस राज्य में किया जायेगा?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) महाराष्ट्र
   (c) गुजरात
   (d) गोवा
3. **निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
   **1.** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत पर Baa2 रेटिंग की पुष्टि है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर 'स्थिर' दृष्टिकोण बनाए रखा है।
   **2.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023- 24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।
   सही कोड चुनें:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
4. **विश्व मच्छर दिवस 1897 में की याद में मनाया जाता है।**
   (a) चार्ल्स लुईस अल्फोंस
   (b) चार्ल्स रॉस
   (c) अल्बर्ट फ्रीमैन अफ्रीकनस
   (d) सर रोनाल्ड रॉस
5. **जन धन खातों की कुल संख्या ______ को पार कर गई।**
   (a) 70 करोड़
   (b) 90 करोड़
   (c) 60 करोड़
   (d) 50 करोड़
6. **एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का आयोजन किस देश में किया गया?**
   (a) मालदीव
   (b) श्रीलंका
   (c) भारत
   (d) थाईलैंड
7. **सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के संयुक्त विकास के लिए भारत ने किस देश के साथ समझौता किया है?**
   (a) ब्राजील
   (b) जापान
   (c) अर्जेंटीना
   (d) जर्मनी
8. **किस मंत्रालय ने जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीद के लिए "बेस्ट एंगेजमेंट" का अवार्ड जीता है?**
   (a) कोयला मंत्रालय
   (b) गृह मंत्रालय
   (c) कृषि मंत्रालय
   (d) स्वास्थ्य मंत्रालय
9. **अनुभवी कलाकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए संस्कृति मंत्रालय ने किस बैंक के साथ समझौता किया है?**
   (a) केनरा बैंक
   (b) स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया
   (c) येस बैंक
   (d) पंजाब नेशनल बैंक
10. **इंटरनेशनल क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले 10वें क्रिकेटर कौन बने है?**
   (a) रोहित शर्मा
   (b) विराट कोहली
   (c) स्टीव स्मिथ
   (d) रविन्द्र जडेजा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (c) | (b) | (d) | (d) | (a) | (b) | (a) | (a) | (b) |